मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-266
20/05/2020

# मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की, मुख्यमंत्री के निर्देश

- चूँकि काफी समय से लॉकडाउन चल रहा है इसलिये समाज की अंतिम पंक्ति में रह रहे लोगों पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है। सरकार द्वारा अत्यंत निर्धन एवं गरीब परिवारों को उपलब्ध करायी जा रही सहायता का पूरा लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं, यह सुनिश्चित किया जाय। इसके लिये अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर पूरी जानकारी लेते रहें।

- जिला प्रशासन इस बात का गहराई से अनुश्रवण करे कि रोजगार सृजन की योजनाओं, जन वितरण प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी निर्धन एवं गरीब परिवारों को मिले। कोई निर्धन एवं गरीब इससे वंचित न रहे।

- सभी प्रखण्डों में आधार कार्ड बनाने की स्थायी व्यवस्था शुरू की जाय। साथ ही सभी जिलों के जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डी0आर0सी0सी0) में ऑनलाइन आधार केन्द्र की सुविधा उपलब्ध करायी जाय। जिनका आधार कार्ड उपलब्ध नहीं है, उनका आधार कार्ड गाइडलाइन के अनुरूप बनवाना सुनिश्चित किया जाय।

- बड़ी संख्या में लोग बाहर से ट्रेन के माध्यम से आ रहे हैं, उन्हें रेलवे स्टेशन पर रिसीव कर प्रखण्ड क्वारंटाइन केन्द्रों पर व्यवस्थित रूप से पहुँचाया जाय। इसके लिये पूरी प्लानिंग रखें, आपसी समन्वय बनाये रखें ताकि प्रवासी मजदूरों को असुविधा न हो।

- प्रखण्ड क्वारंटाइन केन्द्रों पर प्रवासी मजदूरों की संख्या काफी बढ़ रही है। अतः इसकी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाय। क्वारंटाइन केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त कर्मियों की नियमित ब्रीफिंग की जाय ताकि

प्रखण्ड क्वारंटाइन केन्द्रों पर पूरी व्यवस्था बनी रहे। यह सुनिश्चित किया जाय कि निहित स्वार्थवश कोई असामाजिक तत्व क्वारंटाइन केन्द्रों पर अव्यवस्था फैलाने की कोशिश न करे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करते रहें।

- बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों के आगमन के कारण टेस्टिंग फैसिलिटी की सुविधा शीघ्र बढ़ानी होगी। टेस्टिंग की संख्या में भी तेजी लानी होगी। इसके लिये प्रोटोकॉल के अनुसार तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

- राशनकार्ड–विहीन परिवारों के लिये राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया और तेज की जाय। चिन्हित पात्र परिवारों के खाते में 1,000 रूपये की राशि शीघ्र अंतरित की जाय।

- जन वितरण प्रणाली से संबंधित शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई करें। किसी भी सूरत में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। राशन कार्डधारियों को सड़ा चावल या खाद्यान्न की निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न मिलने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई हो। लोगों को सही लाभ मिले, यह सुनिश्चित करें।

- रोजगार सृजन के कार्यों में निर्धारित गाइडलाइन्स का पालन करते हुये तेजी लायी जाय। निर्माण सामग्रियों यथा– बालू, गिट्टी, सीमेंट एवं ईंट की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाय।

- बिहार के बाहर फॅसे जो भी प्रवासी मजदूर बिहार आने को इच्छुक हैं, उन सभी को बिहार लाया जायेगा। उन्हें छिपकर, पैदल या मालवाहक वाहनों से आने की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लोग सड़क, रेल ट्रैक और ट्रकों के जरिये आवाजाही न करें। उनके लिये परिवहन की उचित व्यवस्था है।

- कोरोना संक्रमित लगातार स्वस्थ होकर घर जा रहे हैं। अतः लोग घबरायें नहीं, धैर्य रखें, सचेत रहें और सतर्क रहें।

पटना, 20 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि चूँकि काफी समय से लॉकडाउन चल रहा है इसलिये समाज की अंतिम पंक्ति में रह रहे लोगों पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है। सरकार द्वारा अत्यंत निर्धन एवं गरीब परिवारों को उपलब्ध करायी जा रही सहायता का पूरा लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं, यह सुनिश्चित किया जाय। इसके लिये अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर पूरी जानकारी लेते रहें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस बात का गहराई से अनुश्रवण करे कि रोजगार सृजन की योजनाओं, जन वितरण प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी निर्धन एवं गरीब परिवारों को मिले। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई निर्धन एवं गरीब इससे वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रखण्डों में आधार कार्ड बनाने की स्थायी व्यवस्था शुरू की जाय। साथ ही सभी जिलों के जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डी0आर0सी0सी0) में ऑनलाइन आधार केन्द्र की सुविधा उपलब्ध करायी जाय। जिनका आधार कार्ड उपलब्ध नहीं है, उनका आधार कार्ड गाइडलाइन के अनुरूप बनवाना सुनिश्चित किया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग बाहर से ट्रेन के माध्यम से आ रहे हैं, उन्हें रेलवे स्टेशन पर रिसीव कर प्रखण्ड क्वारंटाइन केन्द्रों पर व्यवस्थित रूप से पहुँचाया जाय। उन्होंने कहा कि अधिकारी इसके लिये पूरी प्लानिंग रखें, आपसी समन्वय बनाये रखें ताकि प्रवासी मजदूरों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड क्वारंटाइन केन्द्रों पर प्रवासी मजदूरों की संख्या काफी बढ़ रही है। अतः इसकी व्यवस्था को और सुदृढ़ किये जाने की आवश्यकता है। क्वारंटाइन केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त कर्मियों की नियमित ब्रीफिंग की जाय ताकि प्रखण्ड क्वारंटाइन केन्द्रों पर पूरी व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि निहित स्वार्थवश कोई असामाजिक तत्व क्वारंटाइन केन्द्रों पर अव्यवस्था फैलाने की कोशिश न करे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करते रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों के आगमन के कारण टेस्टिंग फैसिलिटी की सुविधा शीघ्र बढ़ानी होगी और टेस्टिंग की संख्या में भी तेजी लानी होगी। इसके लिये प्रोटोकॉल के अनुसार तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राशनकार्ड–विहीन परिवारों के लिये राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया और तेज की जाय। चिन्हित पात्र परिवारों के खाते में 1,000 रूपये की राशि शीघ्र अंतरित की जाय। उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली से संबंधित शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई करें। किसी भी सूरत में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। राशन कार्डधारियों को सड़ा चावल या खाद्यान्न की निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न मिलने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई हो। लोगों को सही लाभ मिले, यह सुनिश्चित करें।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन के कार्यों में निर्धारित गाइडलाइन्स का पालन करते हुये तेजी लायी जाय। निर्माण सामग्रियों यथा– बालू, गिट्टी, सीमेंट एवं ईंट की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के बाहर फॅसे जो भी प्रवासी मजदूर बिहार आने को इच्छुक हैं, उन सभी को बिहार लाया जायेगा। उन्हें छिपकर, पैदल या मालवाहक वाहनों से आने की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लोग सड़क, रेल ट्रैक और ट्रकों के जरिये आवाजाही न करें। उनके लिये परिवहन की उचित व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमित लगातार स्वस्थ होकर घर जा रहे हैं। अतः लोग घबरायें नहीं, धैर्य रखें, सचेत रहें और सतर्क रहें।

******